nt>

Title: Press reports relating to training of Gujrati Youth by Lashkar-e-Toyaba in Pakistan.

श्री पी.एस.गढ़वी (कच्छ) : अध्यक्ष महोदय, पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के सहयोग से लश्करे-तोएबा ने गोधरा कांड के बाद करीब 30 युवकों को पाकिस्तान ले जाकर वहां ट्रेनिंग दी। ट्रेनिंग का मकसद एकमात्र यह है कि गुजरात के मुख्यमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का कत्ल किया जाए। इससे वहां उग्रवाद की जो गतिविधियां बढ़ रही हैं, वे और बढ़ेंगी। मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि इस मामले की तुरन्त जांच की जाए, कड़ी कार्रवाई की जाए और उस पर तुरन्त रोक लगायी जाए।